**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या**: 717
**दिनांक** 21 **जुलाई**, 2022

**तेल और गैस कंपनियों द्वारा स्थापित ऑक्सीजन संयंत्र**

†717. **श्री सुमेधानन्द सरस्वती**:
**श्रीमती रंजीता कोली**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में तेल और गैस कंपनियों द्वारा कितने ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए गए हैं और आज की तिथि में कितने संचालन में हैं;
(ख) राजस्थान में कितने संयंत्र संचालन में हैं और कितने संयंत्रों के संचालित होने की संभावना है; और
(ग) इन संयंत्रों में प्रतिदिन कितनी ऑक्सीजन का उत्पादन किया जा रहा है और अस्पतालों सहित उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और गैस कंपनियों ने देश भर के विभिन्न अस्पतालों में 122 प्रैशर स्विंग एएडसार्प्शन (पीएसए) ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना की है इनमें राजस्थान के 8 अस्पताल शामिल हैं। तेल और गैस कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 122 आक्सीजन संयंत्रों में से 99210 एलपीएम क्षमता के साथ 121 आक्सीजन संयंत्र प्रचालनरत हैं और इनमें राजस्थान के सभी 8 अस्पतालों में लगे आक्सीजन संयंत्र शामिल हैं।

****